**विधान परिषद् के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-36 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 36 (क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-चतुरीखेडा, तहसील-सदर, जनपद-लखनऊ की ग्राम पंचायत में दिनांक 01 जनवरी, 2022 से दिनांक 19 सितम्बर, 2024 तक कौन कौन से विकास कार्य किये गये है और उक्त कार्यों को किन-किन अधिकारियों द्वारा प्रमाणित किया गया है? | दिनांक 01 जनवरी, 2022 से दिनांक 19 सितम्बर, 2024 तक निम्न विकास कार्य कराये गयेः-<br>1. पंचायत भवन परिसर में मीटिंग हाल व अन्य निर्माण कार्य।<br>2. सतीश के घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य।<br>3. पंचायत भवन परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।<br>4. जन सुविधा केन्द्र, टाईल्स, लाइट व रंगाई-पुताई कार्य।<br>5. प्राइमरी विद्यालय चतुरीखेड़ा में दिव्यांग शौचालय का कार्य।<br>अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, पंचायतीराज अनुभाग-3 के शासनादेश दिनांक 16.12.2021 में रु. 5 लाख तक के कार्यों की वित्तीय स्वीकृति ग्राम सभा द्वारा तथा रु. 5 लाख से 7.5 लाख तक की वित्तीय स्वीकृति सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा किये जाने की व्यवस्था की गयी है।<br>बिन्दु संख्या-1,2,4 एवं 5 के कार्य 5 लाख रु. तक होने के कारण इसकी वित्तीय स्वीकृति ग्राम सभा द्वारा की गयी है तथा बिन्दु संख्या 3 की वित्तीय स्वीकृति सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा की गयी है। उक्त सभी कार्य सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा प्रमाणित किये गये हैं। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ओम प्रकाश राजभर**
मंत्री,
पंचायती राज विभाग।